रजिस्ट्री सं. डी.--(डी एन)--73 REGISTERED NO. D--(DN)--7

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 29] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 21, 1984 (आषाढ़ 30, 1906)
No. 29] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 21, 1984 (ASADHA 30, 1906)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड-1--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	567
भाग I--खण्ड-2--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	919
भाग I--खंड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	31
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियां आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1153
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II--खण्ड-1-क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . .	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II--खंड -3-उप-खंड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	1775
भाग II--खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	2125
भाग II--खण्ड 3--उप-खंड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	139
भाग II--खंड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए सांविधिक नियम और आदेश	247
भाग III--खंड 1--उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	16275
भाग III--खंड 2--पैटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	5[illegible]9
भाग III--खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	81
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2153
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	113
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	

* पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

1--151GI/84

CONTENTS

PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) .. 567

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) 919

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence 21

PART I—SECTION 4—Notification regardings Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 1153

PART II——SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations .. .. —

PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations .. .. —

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills .. .. .. —

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, by-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .. 1775

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) 2125

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories) 159

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .. 247

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India 16275

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta .. 539

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners 81

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 2153

PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies 113

PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi .. —

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 6 जुलाई 1984

सं० 77-प्रेज/84—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जय चन्द शर्मा,
उप-निरीक्षक सिविल पुलिस,
स्टेशन अधिकारी," जी० आर० पी० एस०
मेरठ शहर, मेरठ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

18 मार्च, 1983 को प्रातः 10.35 बजे श्री जयचन्द शर्मा, उप-निरीक्षक को दो तस्करों के बारे में सूचना मिली, जो प्लेटफार्म न० 1 के सदर्न लोकेशन बाक्स के पास बैठे हुए थे और जिनके पास 20 कि० ग्रा० अफीम के डोडे थे। इस अफीम की पंजाब को तस्करी की जानी थी। श्री शर्मा एक हैड कांस्टेबल 3 कांस्टेबलों और मुखबिर के साथ तुरन्त घटना स्थल की ओर गए। पुलिस दल को देखकर तस्कर अपने थैले को उठा कर, जिसमें अफीम के डोडे थे, दक्षिण की ओर चलने लगे। तुरन्त श्री शर्मा तस्करों की ओर गए और थैला ले जाने वाले व्यक्ति पर झपटे और उसे पकड़ लिया। अपराधी ने सहायता के लिए शोर मचाया और अपने साथी से कहा कि उप-निरीक्षक को अपनी तलवार से मार डालो। अभियुक्त शिव चरन सिंह ने उप-निरीक्षक के सिर पर तलवार मारी, जो गम्भीर रूप से घायल हो गए। इसके बावजूद उन्होंने अपराधी को भागने नहीं दिया।

उप-निरीक्षक को जखमी करने के बाद अभियुक्त शिव चरन सिंह ने बचकर निकलने की कोशिश की लेकिन उसका पीछा किया गया और पुलिस दल ने तलवार सहित उसे काबू में कर लिया। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्त जिला अमृतसर, पंजाब के निवासी पाए गए।

श्री जय चन्द शर्मा, उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च-कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 मार्च, 1983 से दिया गया जाएगा।

सं० 78-प्रेज/84—राष्ट्रपति बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री मुहम्मद हुसनैन,
पुलिस उप निरीक्षक,
खड़गपुर,
बिहार।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

15/16 फरवरी, 1983 की रात को लगभग 10.00 बजे श्री मुहम्मद हुसनैन, उप-निरीक्षक को गांव लाखई, गोबड्डा के निकट 10-15 सशस्त्र नक्सलवादियों, जो हत्या करने की योजना बना रहे थे, की उपस्थिति के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई। श्री हुसनैन एक पुलिस दल, जिसमें 16 पुलिस कार्मिक थे, के साथ गांव गोबड्डा पहुंचे। पूछताछ करने पर उनको बताया गया कि नक्सलवादियों ने कुछ स्थानीय लोगों को एकत्र किया था और गांव लाखई के निकट एक त्यागे हुए बासा (झोंपड़ा) में बैठक कर रहे थे। दो ग्रामीणों के साथ पुलिस दल बासा के निकट पहुंचा और वहां रोशनी देखी तथा कुछ लोगों को धीमी आवाज में बोलते हुए सुना। पुलिस दल ने उनको ललकारा और उनको अपना परिचय देने के लिए कहा। जवाब में उन्होंने भी पुलिस दल को चुनौती दी। जब पुलिस दल ने अपना परिचय दिया तो नक्सलवादियों ने उन पर गोली चला दी। श्री हुसनैन और पुलिस दल ने भी जवाब में गोली चलाई। रात में हुई गोलाबारी ने गांव लाखई के लोगों का ध्यान आकर्षित किया। वे सैकड़ों की संख्या में एकत्र हो गए और पुलिस दल के साथ-साथ बासा गए। बासा के मुख्य द्वार पहुंचने पर उन्होंने एक शव पाया जिसके पास ही एक .303 राइफल, पड़ी हुई थी। आसपास के क्षेत्र की छानबीन करने पर एक और शव मिला। मृतकों की बाद में पहचान करने पर मालूम हुआ कि वे जब्बर और कान्ति नक्सलवादी थे। एक .303 राइफल, एक देशी पिस्तौल और कुछ गोलियां उनसे बरामद की।

इस मुठभेड़ में श्री मुहम्मद हुसनैन उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 16 फरवरी 1983 से दिया जाएगा।

सं० 79-प्रेज/84—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री रघुबीर सिंह,
हेड कांस्टेबल,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री पी० वी० ईप्पन,
हेड कांस्टेबल,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री रघुनाथ प्रसाद,
कांस्टेबल
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की दो बटालियनों को ओम्पी (त्रिपुरा) में विद्रोह विरोधी ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। 24 मई, 1983, को सूचना मिली कि कुछ उग्रवादी धनलेखा क्षेत्र के तुंगथाग बस्ती में पहाड़ी पर एक मकान में छिपे हुए थे। हेड कांस्टेबल रघुबीर सिंह की कमाण्ड में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो सेक्शनों को गश्त ड्यूटी में रिपोर्ट करने के लिए तैनात किया गया। श्री पी० वी० ईप्पन, हेड कांस्टेबल एक सेक्शन इन्चार्ज था और कांस्टेबल रघुनाथ सिंह उसी सेक्शन का सदस्य था। सूचना

का विश्लेषण करने के बाद, दल स्थानीय पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक के साथ आर्मी से केर्पेगपाड़ा (धनसेखा क्षेत्र) की ओर बढ़ा।

हैड कान्स्टेबल रघुबीर सिंह ने दल को दो ग्रुपों में बांटा और स्वयं प्रथम ग्रुप का नेतृत्व किया। उन्होंने हैड कान्स्टेबल पी० वी० ईप्पन के नेतृत्व वाले दल को 50 गज की दूरी पर पीछे आने के लिए कहा। हैड कान्स्टेबल रघुबीर सिंह के नेतृत्व में आगे जाने वाला दल जब लक्षित मकान से 50 गज की दूरी पर था तो उग्रवादियों ने मकान से अचानक उन पर गोलियां चला दीं। उन्होंने अपने आदमियों से मोर्चा सम्भालने के लिए कहा और दूसरे सेक्शन को गोली चलाने का आदेश दिया। वे स्वयं, उग्रवादियों को घेरने के उद्देश्य से रेंगते हुए उनकी तरफ गए। इसी बीच उग्रवादी, जो संख्या में 4 से 5 तक थे, भागते हुए देखे गए। उन्होंने दूसरे सेक्शन को उनका पीछा करने का आदेश दिया। हैड कान्स्टेबल रघुबीर सिंह ने मकान पर अंतिम हमला किया लेकिन उग्रवादी पहले ही मकान छोड़ चुके थे। हैड कान्स्टेबल पी० वी० ईप्पन ने अपने दल के साथ उग्रवादियों का पीछा किया और धान के खेतों में आगे बढ़ते रहे। नाले में छिपे एक उग्रवादी ने कान्स्टेबल जी० एस० नायर पर गोली चलायी। परन्तु कान्स्टेबल को कोई चोट नहीं आयी। जब उग्रवादी दुबारा उपर्युक्त कान्स्टेबल पर निशाना साध रहा था तो हैड कान्स्टेबल ईप्पन ने तेजी से गोली चला कर उसे मार डाला। इस सेक्शन ने एक और उग्रवादी को धान के खेत में बन्दूक के साथ पोजीशन लेते देखा। कान्स्टेबल रघुनाथ प्रसाद अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उग्रवादी की तरफ तेजी से भागे और उसके साथ हाथापाई की। कान्स्टेबल शेर सिंह और हैड कान्स्टेबल ईप्पन, कान्स्टेबल रघुनाथ प्रसाद की मदद के लिए भागे और उग्रवादी को मार गिराया। शेष उग्रवादी भाग गए। इस मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया और एक पकड़ा गया। क्षेत्र में तलाशी लेने पर कुछ हथियार/गोला बारूद बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में श्री रघुबीर सिंह, हैड कान्स्टेबल श्री पी० वी० ईप्पन, हैड कान्स्टेबल और श्री रघुनाथ प्रसाद, कान्स्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 मई, 1983 से दिया जाएगा।

सं० 80-प्रेज/84—राष्ट्रपति भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री सुरभंजन सिंह गोराया
सहायक कम्पनी कमाण्डर,
1 बटालियन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस।

श्री ए० रमेश पाल,
सहायक कम्पनी कमाण्डर,
VII बटालियन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

30 नवम्बर, 1982 को जब जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में डी० पी० आर० कोरिया और कुवैत के बीच नवें एशियाई खेलों के फुटबाल टूर्नामेंट का सेमी-फाइनल मैच खेला जा रहा था तो एक घटना घटी। जब कोरिया एक गोल से आगे था तो रैफरी ने कुवैत के पक्ष में एक पैनल्टी का निर्णय दिया। डी० पी० आर० कोरिया की टीम ने इस निर्णय का प्रतिरोध किया लेकिन रैफरी ने इस प्रतिरोध को स्वीकार नहीं किया। कुवैत वालों ने पैनल्टी किक से स्कोर बराबर कर दिया। इससे डी० पी० आर० कोरिया की टीम उसके समर्थक क्रोधित हो गए। कोरिया, कुवैत से 2 के मुकाबले 3 गोल से मैच हार गया।

अपराह्न लगभग 9.00 बजे जब टीमें मैदान से वापस लौट रही थीं तो कोरिया के खिलाड़ियों ने रैफरी को घेर लिया और उसको घूंसों और मुक्कों से मारा। कुछ कोरिया समर्थक जो लिड़कों, सीढ़ी को भांग कर गई, कैमरों की तिपाईयों आदि से लैस थे, रैफरी को निर्ममता से पीटने लगे। उसके सारे शरीर पर चोटें और खरोंचें आईं और बहुत खून बहने लगा। ड्यूटी पर तैनात पुलिस रैफरी की रक्षा के लिए गई लेकिन उसकी संख्या कम थी। इस समय श्री एच० एस० गोराया और श्री ए० आर० पाल जो ड्यूटी पर थे रैफरी की रक्षा के लिए बैठने वाले क्षेत्र से खेल के मैदान में कूदे। श्री पाल ने रैफरी को अपने शरीर से ढक लिया और श्री गोराया ने भीड़ को दूर रखने के लिए जूडो कराटे के कौशल का प्रयोग किया। इन दोनों अधिकारियों ने रैफरी की रक्षा करने के लिए अपने शरीर पर लाठियों के आघात सहे। स्थिति को काबू से बाहर पाकर श्री गोराया ने भीड़ को तितर-बितर करने तथा डराने के लिए अपना .9 एम० एम० का पिस्तौल निकाला। इससे भीड़ पर वांछनीय प्रभाव हुआ। इस प्रकार वे रैफरी की रक्षा कर सके।

इस घटना में श्री एच० एस० गोराया, सहायक कम्पनी कमाण्डर और श्री ए० रमेश पाल, सहायक कम्पनी कमाण्डर ने वीरता, साहस और उच्च-कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 30 नवम्बर, 1982 से दिया जाएगा।

सं० 81-प्रेज/84—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री विक्रम सिंह,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
एटा, उत्तर प्रदेश।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

28 मई, 1983 को श्री विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एटा को थाना अलीगंज/राजा का रामपुर के निकट ग्राम के बाग में अपराधी नेकसा के साथ 11-12 अन्य व्यक्तियों के पहुंचने के बारे में सूचना प्राप्त हुई। गिरोह उन मुखबिरों के पूरे परिवार की हत्या करने की योजना बना रहा था जिन्होंने नेकसा के भाई डकू गेंदा को मारने में सहायता की थी।

श्री विक्रम सिंह उपलब्ध पुलिस बल के साथ उस क्षेत्र में गए और बल को बाग के उत्तर-पश्चिम तथा दक्षिण-पश्चिम में फैला दिया। पूर्व की ओर के क्षेत्र को अनारक्षित छोड़ दिया गया ताकि गिरोह दाऊगंज जा सके जहां उनके लिए घात लगाई गई थी। गिरोह ने बल की कार्यवाही को देखा और टार्चें जलाईं। श्री विक्रम सिंह ने उनको चेतावनी दी कि वे आत्मसमर्पण कर दें परन्तु गिरोह ने पुलिस बल की ओर गोली बारी शुरू कर दी। श्री विक्रम सिंह पोखर के पूर्व की ओर गए, जहां उन्होंने दो व्यक्तियों को देखा। उनमें से एक अपनी बन्दूक में बारूद गोलियां भर रहा था। श्री विक्रम सिंह ने आगे छलांग लगाई और डाकू के हाथों से बन्दूक छीन ली। जब वे दूसरे डाकू के साथ हाथापाई कर रहे थे तो पहला डाकू चाकू लेकर झपटा।

श्री विक्रम सिंह ने उसका हाथ पकड़ लिया और डाकू के वक्षस्थल पर लात मारी तथा स्वयं को मुक्त कर लिया। तभी दोनों डाकू बाग में भाग गए। तत्पश्चात श्री विक्रम सिंह ने अपने दल को बुलाया। डाकुओं के गिरोह द्वारा भारी गोलाबारी किए जाने के बावजूद ज्यों ही बल बाग में दाखिल हुआ श्री विक्रम सिंह ने एक व्यक्ति की परछाईं देखी और उस पर गोली चलाई। तत्पश्चात डाकू नेकसा मृत पाया गया। बाग की पूरी खोज करने पर मालूम हुआ कि केवल नेकसा ने पुलिस के साथ मुठभेड़ करने का निर्णय किया था जबकि उसके साथी अंधेरे की आड़ में भाग गए थे। डाकू से एक .38 बोर का रिवाल्वर और एक डी० बी० बी० एल० .12 बन्दूक बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में श्री विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, असाधारण साहस, और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 28 मई, 1983 से दिया जाएगा।

सं० 82-प्रेज/84—राष्ट्रपति दिल्ली पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उस की वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री पोहलो राम, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल सं० 896/एल०
दिल्ली पुलिस।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

11 सितम्बर, 1981 को रात्रि के लगभग 9.15 बजे तीन व्यक्तियों ने रोशनारा रोड़ के लिए एक आटो रिक्शा नं० 5367 किराये पर ली और कुछ गज चलने के बाद उन्होंने ड्राइवर से रुकने के लिए कहा। वे एक देशी पिस्तौल की नोक पर ड्राइवर को सुखे नाले की ओर ले गए, उसको उसके पीछे से बांध दिया और उसका स्कूटर ले गए। कुछ समय बाद वह ड्राइवर एक अन्य ड्राइवर की मदद से अपराधियों का पीछा करने लगा और चुराया गया स्कूटर उसे बरफ खाना चौक, सब्जी मण्डी के पास मिला। अपराधियों ने अशोक मार्केट पर उनके स्कूटर पर गोली चलाई जिससे उस क्षेत्र में गश्ती ड्यूटी पर एक कांस्टेबल का ध्यान आकर्षित हुआ। उसने अपराधियों का पीछा करने में ड्राइवरों का साथ भी दिया। अपराधी कोर्ट रोड़ पर एक खाली बंगले के बीच से बचकर भाग गए।

कांस्टेबल धर्मपाल राज निवास के बाहर डी-2 ड्राइव फ्लेतों की ओर गश्ती ड्यूटी पर था। उसने कुछ आवाजें सुनी, अपराधियों को देखा और उन्हें ललकारा। उनमें से एक अपराधी ने कांस्टेबल पर गोली चला दी जिसके कारण उसके बायें कंधे में चोट लगी। कांस्टेबल गिर गया और अपराधी बंगला नं० 8, कोर्ट रोड़ की चार दीवारी लांघ कर पार कर गए। कांस्टेबल पोहलो राम, जो पुलिस नियंत्रण कक्ष में गश्ती ड्यूटी पर था, इस बंगला के एक सर्वेंट क्वार्टर में अपने भाई के साथ रहता था। उसने अपराधियों को भागते में देखा और उनमें से एक के साथ हाथापाई की। दूसरे अपराधी ने अपने साथी को छुड़ाने के लिए अपनी देशी पिस्तौल से एक गोली चलाई। श्री पोहलो राम को छाती में गम्भीर चोट आई। दोनों कांस्टेबलों को हिन्दू राव अस्पताल भेजा गया जहां कांस्टेबल पोहलो राम की जख्मों के कारण मृत्यु हो गई। अपराधी बचकर भाग गए।

कांस्टेबल पोहलो राम ने इस प्रकार उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष कृत भत्ता भी दिनांक 11 सितम्बर, 1981 से दिया जाएगा।

सं० 83-प्रेज/84-शुद्धिपत्र—वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान करने से सम्बन्धित 14 अप्रैल, 1984 के भारत के राजपत्र के भाग I खण्ड 1 में प्रकाशित 31 मार्च, 1984, की इस मन्त्रिमण्डल की अधिसूचना सं० 41-प्रेज/84, में निम्नलिखित संशोधन किया गया है :—

पृष्ठ 1 पर

श्री चौंगखोलेट कुकी,
हवलदार सं० 13228,
प्रथम बटालियन, मणिपुर राइफल्स
के स्थान पर

श्री चौंगखोलेट कुकी,
हवलदार सं० 12228,
प्रथम बटालियन, मणिपुर राइफल्स,
पढ़ें।

मु० नीलकण्ठन, राष्ट्रपति का उप सचिव

मंत्रिमण्डल सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 30 जून 1984

संकल्प

सं० ए० 11013/1/81-प्रशा० I—श्री एल० के० झा की अध्यक्षता में आर्थिक प्रशासन सुधार आयोग, जोकि एकजन आयोग के रूप में कार्य कर रहा है, का कार्यकाल 30 जून, 1984 को समाप्त हो रहा है। सरकार ने इस एकजन आयोग के कार्यकाल को निम्नलिखित प्रकार से बढ़ाने का निर्णय लिया है :—

(1) हाथ में लिये कार्य को पूरा करने के लिये आयोग के सभी मौजूदा पदों सहित (संख्या में 73) के कार्यकाल को एक महीने के लिये 31 जुलाई, 1984 तक बढ़ाया जाना, और

(2) स्थापना को बन्द करने और शेष बचे कार्य को निपटाने के लिये सीमित पदों (संख्या में 36) को 31 जुलाई, 1984 से आगे एक महीने की अवधि के लिये बढ़ाया जाना।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प को भारत सरकार के राजपत्र में छापा जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों और सभी सम्बन्धितों को प्रेषित की जाये।

आर० वेंकटेशन, संयुक्त सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 16 जून 1984

संकल्प

सं० 8-2/79-आई० जे० एम० सी०—योजना आयोग के दिनांक जून, 1962 के संकल्प संख्या एफ० 13(39)/62-प्रशासन-I द्वारा गठित और दिनांक 29 दिसम्बर 1983 के संकल्प संख्या 8-2/79 आई० जे० एम० सी० द्वारा पुनर्गठित भारत और जापान में आर्थिक विकास से संबंधित अध्ययन के लिये समिति को तथा दिनांक 15 जनवरी, 1979 के संकल्प संख्या 8-2/79 आई० जे० सी० द्वारा "भारत जापान अध्ययन समिति" के रूप में पुनः पदनामित समिति को निम्नलिखित प्रकार से पुनर्गठित किया गया है :—

1. प्रो० अली मुहम्मद खुसरो	अध्यक्ष
2. श्री एम० वी० अरुणाचलम	सदस्य
3. श्री समर सेन	सदस्य
4. प्रो० एस० रामाशेषन	सदस्य
5. श्री मनुभाई देसाई	सदस्य
6. कुमारी के० शास्त्री	सदस्य सचिव

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सब राज्य सरकारों, सब राज्यों के मुख्य मंत्रियों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, प्रधान मंत्री कार्यालय मंत्रिमण्डल सचिवालय, राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति के सेना सचिव और विदेशों में स्थित भारत के सभी दूतावासों को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि एक प्रति भारत के राजपत्र में प्रकाशित की जाये।

के० सी० अग्रवाल, निदेशक (प्रशासन)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

कम्पनी कार्य विभाग

नई दिल्ली-1, दिनांक 2 जुलाई 1984

आदेश

सं० 27/12/84-सी०-कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209क की उप धारा 1 के खण्ड 2 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री बी० भवानी शंकर, संयुक्त निदेशक (निरीक्षण) और श्री एम० एल० शाह, संयुक्त निदेशक (निरीक्षण) को कम्पनी कार्य विभाग कथित धारा 209 क के उद्देश्यों के लिये प्राधिकृत करती है।

2. केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा आदेश सं० 27/26/79-सी० एल-2 दिनांक 5-9-1979 के द्वारा श्री बी० भवानी शंकर के संयुक्त निदेशक (निरीक्षण) कम्पनी विधि बोर्ड, मद्रास और श्री एम० एल० शाह, उप निदेशक (निरीक्षण), कम्पनी विधि बोर्ड, बम्बई के पक्ष में जारी किये गये प्राधिकार को रद्द करती है।

सी० एल० प्रथम, अवर सचिव

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 जून 1984

संकल्प

सं० ई० 11011/10/81-रा० भा०-वित्त मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के गठन से संबंधित इस विभाग के दिनांक 11 अगस्त, 1983 व 7 अक्तूबर, 1983 के संकल्पों द्वारा यथासंशोधित दिनांक 27 सितम्बर, 1981 के संकल्प सं० ई० 11011/10/81-रा० भा० में, जो भारत के राजपत्र दिनांक 23-10-82 के भाग-I, खण्ड 1 के पृष्ठ संख्या 713 पर प्रकाशित हुआ था, "1-संरचना" के अन्तर्गत निम्नलिखित संशोधन किया जायेगा, अर्थात्:—

1. विद्यमान प्रविष्टि सं० "6-श्री बी० इब्राहिम, सदस्य राज्य सभा" तथा प्रविष्टि सं० "7-श्री आर० एन० पी० गुप्ता, सदस्य राज्य सभा" के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित प्रविष्टियां रखी जायेंगी, अर्थात :—

"6—श्री भीमराज, सदस्य राज्य सभा" सदस्य

"7—श्री कैलाशपति मिश्र, सदस्य, राज्य सभा" सदस्य

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमण्डल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्यसभा सचिवालय, योजना आयोग, भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक, केन्द्रीय राजस्व लेखा परीक्षा निदेशक, समिति के सभी सदस्यों और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

कु० श्री दिलीपसिंह जी, अवर सचिव

उद्योग मंत्रालय

औद्योगिक विकास विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 27 जून 1984

संकल्प

सं० ई० 11015/6/83-हिं० अ०-उद्योग मंत्रालय के दिनांक 13 फरवरी 1981 के संकल्प संख्या ई० 11015/3/80-हिं० अ० का अधिक्रमण करते हुए भारत सरकार ने इस मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति को पुनर्गठित करने का निर्णय किया है। समिति का गठन और कार्य आदि निम्न प्रकार होंगे:—

1. उद्योग मंत्री	अध्यक्ष
2. उद्योग राज्य मंत्री	उपाध्यक्ष
3. श्री डूंगर सिंह, सदस्य (लोक सभा) 227, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली	सदस्य
4. श्री राम सिंह यादव, सदस्य (लोक सभा), 14, जनपथ, नई दिल्ली	,,
5. आचार्य भगवान देव सदस्य (लोक सभा), 13, लोदी एस्टेट, नई दिल्ली-110003।	,,
6. श्री रामचन्द्र भारद्वाज, सदस्य (राज्य सभा), 1-ए, सुनहरी बाग रोड, नई दिल्ली।	,,
7. श्री सुधाकर पाण्डेय, सदस्य (राज्य सभा) तथा महामंत्री नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी।	,,
8. श्री आर० के० मालवीय, सदस्य (राज्य सभा) 171, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली।	,,
9. श्री ओम मेहता, भूतपूर्व संसद सदस्य, 30, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली।	,,
10. श्री वी० राधाकृष्णमूर्ति, विशेषाधिकारी, हिन्दी संघ, हैदराबाद-4	,,
11. डा० राम मनोहर त्रिपाठी, विधायक, महाराष्ट्र विधान परिषद, टाईम्स आफ इण्डिया भवन, पोस्ट बॉक्स सं० 213, बम्बई-400001	,,
12. श्री विनोद कुमार मिश्र, सम्पादक, दैनिक हिन्दुस्तान, नई दिल्ली।	,,
13. श्री अनिल कुमार अग्रवाल, सम्पादक, अमर उजाला, गुरु का ताल, उद्योग नगर, आगरा।	,,
14. श्री आनन्द स्वरूप जैन, सम्पादक, माध्यम टाइम्स, नई दिल्ली।	,,

15. श्री धर्मवीर भारती,
सम्पादक,
टाइम्स आफ इण्डिया,
बम्बई।

16. श्री विद्या भास्कर, सदस्य
बी-4/18, हनुमानघाट,
वाराणसी।

17. श्री एम० के० वेलायुधन नायर,
मंत्री,
केरल हिन्दी प्रचार सभा,
तिरुवनन्तपुरम-695014।

18. डा० वीरेन्द्रकुमार दुबे,
प्राध्यापक,
कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय,
जबलपुर।

19. श्री आर० पी० पाण्डे,
उपाध्यक्ष,
उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग
33/2 स्टैनली रोड,
इलाहाबाद।

20. श्री युगल किशोर चतुर्वेदी,
कार्यकारी अध्यक्ष,
राजस्थान साहित्य सम्मेलन,
प्रियम्बदा सदन,
अशोक मार्ग, "सी" स्कीम,
जयपुर (राजस्थान)।

21. सचिव (औद्योगिक विकास विभाग)।

22. सचिव (भारी उद्योग विभाग)

23. सचिव (तकनीकी विकास एवं तकनीकी विकास के महानिदेशक)

24. सचिव,
राजभाषा विभाग तथा भारत सरकार
के हिन्दी सलाहकार,
नार्थ ब्लाक,
नई दिल्ली।

25. अपर सचिव (औद्योगिक विकास विभाग)

26. वित्तीय सलाहकार (औद्योगिक विकास विभाग)

27. संयुक्त सचिव, (प्रभारी हिन्दी),
(भारी उद्योग विभाग)

28. संयुक्त सचिव, (प्रशासन),
(औद्योगिक विकास विभाग)

29. संयुक्त सचिव (प्रशासन),
(भारी उद्योग विभाग)

30. संयुक्त सचिव
औद्योगिक स्वीकृति सचिवालय
(औद्योगिक विकास विभाग)

31. संयुक्त सचिव (राजभाषा विभाग),
लोकनायक भवन, खान मार्केट,
नई दिल्ली।

32. विकास आयुक्त (लघु उद्योग),
निर्माण भवन, नई दिल्ली।

33. आर्थिक सलाहकार,
उद्योग भवन,
नई दिल्ली।

34. अध्यक्ष (औद्योगिक लागत एवं मूल्य ब्यूरो), लोकनायक भवन, खान मार्केट
नई दिल्ली।

35. सीमेंट नियंत्रक,
सीमेंट नियंत्रक का कार्यालय,
रोठी भवन, 7 राजेन्द्र प्लेस,
नई दिल्ली।

36. हिन्दी कार्य के प्रभारी, सदस्य सचिव
संयुक्त सचिव (औद्योगिक विकास विभाग)

2. कार्य

इस समिति का कार्य उद्योग मंत्रालय की सरकारी काम में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित विषयों तथा गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा निर्धारित नीति के कार्यान्वयन के बारे में सलाह देना होगा।

3. कार्य काल :

समिति का कार्यकाल उसके गठन की तारीख से तीन वर्षों का होगा बशर्ते कि :—

(क) कोई भी सदस्य, जो संसद सदस्य है, संसद का सदस्य न रहने पर इस समिति का सदस्य भी नहीं होगा।

(ख) समिति के पदेन-सदस्य उस समय तक सदस्य बने रहेंगे जब तक वे अपने पदों पर हैं जिनके कारण वे समिति के सदस्य हैं।

(ग) यदि किसी सदस्य के त्यागपत्र देने, मृत्यु आदि के कारण समिति में कोई स्थान रिक्त होता है तो उसके स्थान पर नियुक्त किया गया सदस्य शेष तीन वर्षों की अवधि के लिए सदस्य रहेगा।

4. सामान्य

(1) समिति आवश्यक समझे जाने पर अतिरिक्त सदस्यों को सहयोजित कर सकती है और अपनी बैठकों में भाग लेने के लिये विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सकती है अथवा उप-समितियां नियुक्त कर सकती है।

(2) समिति का प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में होगा, किन्तु समिति अपनी बैठकें किसी अन्य स्थान में भी कर सकती है।

5. यात्राभत्ता तथा अन्य भत्ते

गैर-सरकारी सदस्यों को समिति तथा उप-समितियों की बैठकों में समय-समय पर भाग लेने के लिये सरकार द्वारा निश्चित दरों पर यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता दिया जायेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, प्रधान मंत्री सचिवालय, मंत्रिमण्डल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, वाणिज्य निर्माण तथा विविध और भारत के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया गया कि इस संकल्प को जन-साधारण की जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित कराया जाये।

वीरेन्द्र कुमार खन्ना, संयुक्त सचिव

तकनीकी विकास महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 जून 1984

संकल्प

सं० आर० सी०/9(16)/84—भारत सरकार ने इस संकल्प के जारी होने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिये टायरों एवं ट्यूबों के अलावा रबड़ का सामान निर्माण उद्योग के लिये विकास तालिका का निम्न प्रकार से गठन करने का निर्णय लिया है :—

क्रम संख्या

1. श्री के० एस० फिलिप, — अध्यक्ष
   अध्यक्ष,
   इण्डियन रबड़-मैन्युफैक्चरर्स
   रिसर्च एसोसियेशन,
   प्लाट नम्बर बी–88, रोड "यू"
   वागले इण्डस्ट्रियल एस्टेट,
   थाणे–400604

2. अध्यक्ष, — सदस्य
   ऑल इण्डिया रबड़ इण्डस्ट्रीज,
   एसोसिएशन,
   नवजीवन सोसाइटी बिल्डिंग,
   नम्बर–3, आठवा तल,
   लेमिंग्टन रोड, बम्बई।

3. संयुक्त सचिव
   औद्योगिक विकास विभाग
   उद्योग मंत्रालय, उद्योग भवन,
   नई दिल्ली।

4. औद्योगिक सलाहकार (रसायन),
   विकास आयुक्त का कार्यालय,
   लघु उद्योग, निर्माण भवन,
   नई दिल्ली।

5. सलाहकार (रसायन),
   पेट्रोलियम एवं रसायन मंत्रालय,
   रसायन एवं उर्वरक विभाग,
   शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

6. श्री एस० एस० सक्सेना,
   निदेशक,
   भारतीय मानक संस्थान,
   "मानक भवन",
   9 बहादुर शाह जफर मार्ग,
   नई दिल्ली–110002।

7. महा प्रबन्धक,
   टायर कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि०,
   (रबड़ प्रभाग)
   19, जवाहरलाल नेहरू रोड,
   कलकत्ता–700087।

8. महा प्रबन्धक,
   ऐन्ड्रयू यूले लिमिटेड,
   (बेल्टिंग प्रभाग),
   यूले हाउस,
   8, क्लाईव रो,
   कलकत्ता।

9. प्रबन्ध निदेशक,
   डनलप इण्डिया लिमिटेड,
   डनलप हाउस,
   57-बी, मिर्जा गालिब स्ट्रीट,
   कलकत्ता।

10. प्रबन्ध निदेशक,
    मै० फेनर इण्डिया लिमिटेड,
    मदुराय।

11. प्रबन्ध निदेशक,
    मै० बाटा शू कम्पनी, लिमिटेड,
    30, शेक्सपियर सारणी,
    कलकत्ता-17

12. प्रबन्ध निदेशक,
    मै० बंगाल वाटरप्रूफ वर्क्स,
    लिमिटेड,
    41, शेक्सपियर सारणी,
    कलकत्ता।

13. अध्यक्ष,
    दी रबड़ बोर्ड,
    पो० बॉ नं० 280,
    शास्त्री रोड,
    कोट्टयाम–686001 (केरल)

14. प्रबन्ध निदेशक,
    सिन्थेटिक एण्ड केमिकल्स लि०,
    7, जमशेदजी टाटा रोड,
    पो० बॉ० नं० 11486
    बम्बई-400020

15. प्रबन्ध निदेशक,
    सुन्दरम् इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
    उसीलमपट्टी रोड,
    कोचाडई,
    मदुराय–265016

16. प्रबन्ध निदेशक,
    मै० रबड़ रिक्लेमिंग कम्पनी
    ऑफ इण्डिया (प्रा०) लि०,
    62-एम, "एम" ब्लॉक,
    कनॉट सर्कस,
    नई दिल्ली।

17. प्रबन्ध निदेशक,
    मै० हिन्दुस्तान लेटेक्स लिमिटेड,
    त्रिवेन्द्रम।

18. प्रबन्धक निदेशक,
    मै० लाथिया रबड़ मैन्युफैक्चरिंग,
    कम्पनी (प्रा०) लिमिटेड,
    साकीनाका कुर्ला,
    अन्धेरी रोड, बम्बई।

19. श्री एच० जी० देसाई,
    मै० गुजरात रिक्लेम एण्ड
    रबड़ प्रोडक्ट लिमिटेड,
    18, जी० आई० डी० सी० एस्टेट,
    अंकलेश्वर, जिला भरौंच,
    गुजरात।

20. डा० एस० डी० सी० राय,
    योजना अधिकारी,
    राष्ट्रीय उत्पादिता परिषद,
    फोर्ड फाउण्डेशन बिल्डिंग,
    लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली।

21. प्रबंध निदेशक,
मैं० दी कॉसमॉस इण्डिया रबड़
वर्क्स (प्रा०) लिमिटेड,
7, होमजी स्ट्रीट, फोर्ट,
बम्बई।

22. प्रबन्ध निदेशक,
मैं० स्वास्तिक रबड़ प्रोडक्टस लि०,
किरकी रेलवे स्टेशन के पीछे, पूना।

23. अपर औद्योगिक सलाहकार (रबड़) सदस्य सचिव
तकनीकी विकास महानिदेशालय,
उद्योग भवन नई दिल्ली।

2. नामिका के विचारार्थ विषय निम्नलिखित है:—

(1) उद्योग की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना उसका भावी विकास, मांग का अनुमान और मांग के अन्तराल को पूरा करने के बारे में कदम उठाने की सिफारिश करना।

(2) (क) प्रौद्योगिकी के स्तर का मूल्यांकन करना तथा उसका अपेक्षित स्तर तक उन्नयन करने का सुझाव देने और आधुनिकीकरण करने के लिये अभ्युपायों के बारे में सुझाव देना।

(ख) विकास के स्तर के बारे में विचार करना और डिजाइनों प्रक्रियाओं, जो भी लागू हो, के विकास के लिये अभ्युपायों के बारे में सुझाव देना।

(3) सामग्री और उर्जा उपयोग के मानदण्डों के बारे में सलाह देना, उनमें कमी करने के प्रयास और दक्षता व उत्पादिकता में सुधार करने के बारे में अभ्युपायों की सिफारिश करना।

(4) उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों के लिये आर्थिक और उत्पादन के अपेक्षित पैमानों के बारे में सलाह देना।

(5) उत्पाद, उसके कच्चे माल और अवयवों का आयात प्रतिस्थापन करने सम्बंधी अभ्युपाय सुझाना।

(6) निर्यात प्रवर्तन पर सलाह देना।

(7) उद्योग के विकास और उन्नति हित में नामिका द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले अन्य पहलुओं के बारे में सुझाव देना।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेजी जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि आम सूचना के लिए इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

के० सी० मंजराल,
निदेशक (प्रशासन)

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय

(खाद्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 19 जून, 1984

संकल्प

सं० ई०–11011/3/83-हिन्दी:—खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय खाद्य विभाग के सम-संख्यक संकल्प, दिनांक 22 सितम्बर, 1983 के क्रम में भारत सरकार निम्नलिखित अधिकारियों को खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का सदस्य नामित करती है:—

1. वित्तीय सलाहकार, खाद्य विभाग

2. वित्तीय सलाहकार, नागरिक पूर्ति विभाग

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, प्रधान मंत्री सचिवालय, मंत्रिमण्डल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महा लेखा परीक्षक, लेखा नियंत्रक खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय और भारत के सभी मंत्रालय तथा विभागों को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया गया है कि इस संकल्प को जन-साधारण की जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित कराया जाये।

यू० वी० पी० एल० नरसिम्हन,
उप सचिव

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 25 जून 1984

परिशिष्ट

सं० 12–12/81-एफ० आर० वाई/एफ० आर० ई०:—6 फरवरी 1984 के समसंख्यक संकल्प द्वारा वन अनुसंधान संस्थान तथा महाविद्यालय, देहरादून के सम्बन्ध में एक प्रबन्ध समिति का गठन किया गया था। अब यह निर्णय किया गया है कि भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के सहायक महानिदेशक (सदस्य विज्ञान) इस प्रबन्ध समिति के सदस्य होंगे। समिति के गठन में अन्य कोई परिवर्तन नहीं होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस परिशिष्ट की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों संघ राज्य क्षेत्रों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों राज्यों/विभागों, मंत्रिमण्डल सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, सभी राज्य सरकारों के राज्यपालों, योजना आयोग, भारत के नियंत्रक तथा महा लेखा परीक्षक, केन्द्रीय राजस्व, निदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षक, भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद को भेज दी जाय।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना के लिये परिशिष्ट भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय।

समर सिंह, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 29 जून, 1984

संकल्प

सं. 2–6/83-वानिकी/एफ० आई० पी० सी०—वैकल्पिक पैकेज प्रणाली द्वारा लकड़ी के प्रतिस्थापित करने अथवा उसका प्रयोग कम करने की समस्याओं पर विचार करने के लिये सं० 2–6/83-वानिकी

वानिकी/एफ० आई० पी० सी० दिनांक 3 दिसम्बर, 1983 के तहत जारी किये गये संकल्प के अनुसार एक कृतक बल का गठन किया गया है। कृतक बल को अपनी रिपोर्ट संकल्प के जारी होने की तारीख से तीन माह के अन्दर प्रस्तुत करना थी। कृतक बल विभिन्न बाधाओं के कारण निर्धारित अवधि के अन्दर अपनी रिपोर्ट को अन्तिम रूप नहीं दे सका। अतः दिनांक 1 मई, 1984 के समसंख्यक संकल्प द्वारा इसकी अवधि तीन माह के लिये अर्थात् जून, 1984 तक बढ़ा दी गई। अब यह निर्णय लिया गया है कि कृतक बल की अवधि और अर्थात् 31 अगस्त, 1984 तक बढ़ा दी जाये।

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी संबंधित अधिकारियों को भेज दी जाये।

आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सामान्य सूचना हेतु भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

संकल्प

सं० 2-6/83-वानिकी/एफ० आई० पी० सी०—वैकल्पिक पैकेज प्रणाली द्वारा लकड़ी के प्रतिस्थापित करने अथवा उसका प्रयोग कम करने की समस्याओं पर विचार करने के लिये सं० 2-6/83-वानिकी/एफ० आई० पी० सी० दिनांक 3 दिसम्बर 1983 के तहत जारी किये गये संकल्प के अनुसार एक कृतक बल का गठन किया गया है। कृतक बल को अपनी रिपोर्ट संकल्प के जारी होने की तारीख से तीन माह के अन्दर प्रस्तुत करनी थी। कृतक बल विभिन्न बाधाओं के कारण निर्धारित अवधि के अन्दर अपनी रिपोर्ट को अन्तिम रूप नहीं दे सका। अतः दिनांक 1 मई, 1984 के समसंख्यक संकल्प द्वारा उसकी अवधि तीन माह के लिये अर्थात् जून, 1984 तक बढ़ा दी गई। अब यह निर्णय लिया गया है कि कृतक बल की अवधि और अर्थात् 31 अगस्त, 1984 तक बढ़ा दी जाये।

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी संबंधित अधिकारियों को भेज दी जाये।

आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सामान्य सूचना हेतु भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

दीन दयाल, अवर सचिव

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 23 जून, 1984

सं० एफ० 7-34/84 पी० एन०-1—डा० अनिल मदगोपाल, किशोर भारती पी० ओ० बनखेरी, जिला होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) का राष्ट्रीय शिक्षक आयोग की सदस्यता से 22-3-1984 से त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि अधिसूचना की एक एक प्रतिलिपि सभी राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों तथा भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि अधिसूचना भारत के राजपत्र में सामान्य सूचना के लिये प्रकाशित कर दी जाये।

के० के० खुल्लर,
निदेशक

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय

श्रम विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 25 जून, 1984

सं० क्यू० 16012/5/83-डब्ल्यू० ई०—केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के निगम और विनियमों के नियम 8 के अनुसरण में, भारत सरकार एतद्द्वारा इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से श्री आर० सी० खेरपाल सहायक शैक्षणिक सलाहकार, शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय (शिक्षा विभाग) भारत सरकार, नई दिल्ली के स्थान पर डा० वी० वेंकटसेशैया, आर निदेशक, प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली, को केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के शासी निकाय के सदस्य के रूप में नामित करती है।

सं० क्यू-16012/1/83-डब्ल्यू० ई०-केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के नियमों और विनियमों के नियम 3(vi) के अनुसरणों में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा इस अधिसूचना की जारी होने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिये श्रम सचिव राजस्थान सरकार, श्रम सचिव, आन्ध्र प्रदेश सरकार और आयुक्त व सचिव, बिहार सरकार, को केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त करती है।

2. तदनुसार, भारत के राजपत्र के भाग 1, खण्ड 1 में प्रकाशित श्रम मंत्रालय की तारीख 15 मई, 1981 की अधिसूचना संख्या क्यू-16012/3/79-डब्ल्यू० ई० में निम्नलिखित परिवर्तन किये जायेंगे:—

वर्तमान प्रविष्टि अर्थात्:—

5. सचिव, उड़ीसा सरकार,
श्रम विभाग, भुवनेश्वर।

6. सचिव, केरल सरकार,
त्रिवेन्द्रम।

7. सचिव, महाराष्ट्र सरकार,
श्रम विभाग, बम्बई।

के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाये, अर्थात्:—

5. सचिव, राजस्थान सरकार,
श्रम विभाग, जयपुर।

6. सचिव, आन्ध्र प्रदेश सरकार,
श्रम, रोजगार, पोषण और
तकनीकी शिक्षा विभाग,
हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)।

7. आयुक्त व सचिव,
बिहार सरकार,
श्रम, योजना और प्रशिक्षण विभाग,
बिहार (पटना)"

चित्रा चोपड़ा, निदेशक,

No. 77-Press|84.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Uttar Pradesh Police :—

Name and rank of the officer

Shri Jai Chand Sharma
Sub-Inspector Civil Police,
Station Officer, GRPS,
